RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 148 • 10:06:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

# नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री

## राजनाथ, शाह, गडकरी, ज्योतिरादित्य समेत 30 कैबिनेट मिनिस्टर, खट्टर-शिवराज नए चेहरे; 5 स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और 36 राज्यमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में रविवार को आयोजित समारोह में उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी के साथ मोदी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। पंडित नेहरू वर्ष 1952, 1957 एवं 1962 का आम चुनाव जीतकर लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने थे। वहीं मोदी वर्ष 2014 एवं 2019 का आम चुनाव जीतकर क्रमशः पहली एवं दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। अब उन्होंने तीसरी बार शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड', बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ भी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में देशभर के नेता, मुख्यमंत्री, विपक्षी नेता, सांसद, फिल्मी हस्तियां, उद्योगपति, साधु-संत और आमजन मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता, उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, फिल्म अभिनेता रजनीकांत, शाहरूख खान, अक्षय कुमार, अभिनेत्री रविना टंडन जैसी जानीमानी हस्तियां मौजूद रही। उल्लेखनीय है कि मोदी शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल के नेता चुने गए थे। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा-नीत राजग ने 295 सीटें जीती हैं। इसमें भाजपा 240, तेदेपा 16, जदयू 12, शिवसेना (शिंदे गुट) 07, लोजपा (राम विलास) 05, जनसेना पार्टी 02, रालोद- 02,, राकांपा (अजित पवार) 01, अपना दल (एस) 01 और हम (सेकुलर) की 01 सीट शामिल है।





## 24 राज्यों से 72 मंत्री

**30** कैबिनेट मंत्री, **5** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और **36** राज्य मंत्री।

**27** OBC, **10** SC, **5** ST और **5** अल्पसंख्यक।

**11** मंत्री NDA के घटक दलों से।

**43** मंत्री 3 या ज्यादा बार के सांसद।

**39** पहले भी केंद्रीय मंत्री रह चुके।

**23** मंत्री राज्यों के कैबिनेट में रह चुके।

**34** मंत्री विधानसभाओं में चुने जा चुके।

## गिरिराज सिंह मोदी सरकार 3.0 में तीसरी बार बने केंद्रीय मंत्री

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फायर ब्रांड नेता एवं लगातार दो बार से बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह फिर से टीम मोदी में शामिल हुए हैं। एनडीए सरकार में वह फिर से केंद्रीय मंत्री बनने जा रहे हैं। बिहार में लखीसराय जिले के बड़हिया गांव के मूल निवासी गिरिराज सिंह लगातार तीसरी बार केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री बने। 72 वर्षीय गिरिराज सिंह के पास मगध विवि से स्नातक की डिग्री है। वे 2002 से 2014 तक लगातार बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे। इस दौरान उन्होंने बिहार सरकार में पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन, सहकारिता सहित कई अन्य विभाग संभाले। मई 2014 में पहली बार नवादा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। पहली बार में ही उनको केंद्र सरकार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली।

## जीतन राम मांझी केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी

**पटना।** नरेन्द्र मोदी ने रविवार की शाम तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ-साथ हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी और जदयू के सांसद को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने की खुशी में आज पटना में जमकर आतिशबाजी की गयी। जीतनराम मांझी को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। पीएम मोदी के साथ जीतनराम मांझी की फोटो लगा बैनर लेकर हम कार्यकर्ता पटना की सड़कों पर दिखे। बैनर में सलामत रहे दोस्ताना हमारा लिखा गया है। गया निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले जीतन राम मांझी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजद के कुमार सर्वजित को 1,01,812 वोटों से पराजित किया है। बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी का जन्म 6 अक्टूबर 1944 को गया जिले के खिजरसराय के महकार गांव में रामजीत राम मांझी और सुकरी देवी के घर हुआ था।

## बिहार के मुंगे से सांसद ललन सिंह बने नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार में मंत्री

**पटना।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बिहार के मुंगेर से नवनिर्वाचित जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पहली बार केंद्रीय मंत्री बने। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ललन सिंह को नरेन्द्र मोदी कैबिनेट के मंत्री के रूप में शपथ दिलायी। ललन सिंह ने 2004 में लोकसभा का चुनाव जीता था। राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने साल 2004 का लोकसभा चुनाव बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र से जीता था। इसके बाद 2009 में वह मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से जीते। फिर 2019 में भी उन्हें मुंगेर से जीत मिली। इस बार भी वह मुंगेर से जीते हैं। ललन सिंह 69 वर्ष के हैं। छात्र जीवन से ही वह राजनीति में सक्रिय रहे हैं। भागलपुर के टीएनबी कॉलेज से स्नातक ललन सिंह अपने छात्र जीवन में कालेज छात्र संघ के महासचिव थे। वहीं 1974 के जेपी मूवमेंट में भी वह खूब सक्रिय थे। वर्ष 2014 में उन्हें बिहार विधान परिषद का सदस्य बनाया गया था। बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में वह राज्य मंत्रिमंडल में पथ निर्माण व जल संसाधन विभाग के मंत्री रहे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी ललन सिंह इससे पूर्व जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे।

## चंपारण से सतीशचंद्र दुबे को मंत्री बनाये जाने से जिले मे हर्ष

**चाणक्य भूमि बेतिया।** उन्चास वर्षीय सतीशचंद्र दुबे को मोदी सरकार में मंत्री बनाये जाने पर जिले के लोगों मे हर्ष व्याप्त है। वो अब लोकसभा में मंत्री के रूप मे चंपारण का प्रतिनिधित्व करेंगे। आपको बता दे कि सतीशचंद्र दुबे 2005 और 2010 में विधानसभा चुनाव जीते। उसके बाद 2014 से 2019 तक लोकसभा में सांसद रहे। उसके बाद वो लगातार दुसरी बार राज्यसभा में सांसद रहे है और अब मंत्री के रूप मे अपनी नयी राजनीतिक पारी की शुरुआत करेंगे। अपने 31 वर्ष के राजनीतिक सफर में इन्होंने पंचायत अध्यक्ष से मंत्री तक सफर अपनी कड़ी मेहनत लगन और ईमानदारी से तय किया था।



## पीएम मोदी ने गांधी, अटल और शहीदों को किया नमन, अर्पित किए श्रद्धासुमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने से पहले उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और देश पर मर मिटने वाले शहीदों को नमन कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर शहीद जवानों को नमन भी किया। पीएम सुबह सबसे पहले महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल सदैव अटल पर जाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने भारत माता की जय, मोदी-मोदी और मोदी जी को - जय श्रीराम जैसे नारों से उनका अभिवादन किया। लोग अटल बिहारी वाजपेयी - अमर रहे के नारे लगाते भी सुनाई दिए। इसके बाद नरेंद्र मोदी ने नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचकर शहीद जवानों को नमन भी किया। नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचने पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने उनका स्वागत किया। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। उनके साथ भाजपा के कई नेता और सहयोगी दलों के कई सांसद भी आज मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। भारत की पड़ोसी पहले नीति और सागर दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप समारोह के लिए पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।



लोकसभा चुनाव-2024

## 16 मार्च से 1 जून तक विवादों में घिरा रहा केंद्रीय चुनाव आयोग

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव-2024 में केंद्रीय चुनाव आयोग पूरे समय विवादों में घिरा रहा। विवादों का सिलसिला शुरू हुआ 16 मार्च को आम चुनाव की घोषणा से पहले जब अचानक ही चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के कारणों का आज तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इसने देश की सियासत में भूचाल ला दिया। इसी तरह से पीएम नरेंद्र मोदी के आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का मामला हो या फिर पहले चरण के मतदान का डेटा आयोग द्वारा 11 दिन बाद जारी करना हो और वह भी छह फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ। विवाद शुरू हुआ 9 मार्च को जब लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले आयोग के दो चुनाव आयुक्त में से एक अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया। सवाल उठे कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि चुनाव आयुक्त गोयल को रिटायर होने से पहले ही अपने पद से गोपनीय तरीके से इस्तीफा देना पड़ा। यह मुद्दा लगातार सुर्खियों में बना रहा। हर कोई इसका कारण जानना चाह रहा था। 16 मार्च को केंद्रीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी जब गोयल के इस्तीफे का सवाल उठा तो मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस्तीफा देने का कारण गोयल का व्यक्तिगत फैसला बताया। इनसे पहले 14 फरवरी को आयोग के दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे रिटायर हो चुके थे। फिर इस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के बाद दो चुनाव आयुक्त में से अकेले बचे गोयल द्वारा इस्तीफा देने से एक नया विवाद खड़ा हो गया था। आयोग के विवादों में आने का दूसरा बड़ा कारण दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर था क्योंकि दोनों चुनाव आयुक्तों के ना रहने से सवाल उठने लगे कि क्या ऐसे में अकेले राजीव कुमार ही लोकसभा चुनाव करा सकते हैं? इसी बीच 14 मार्च को अचानक पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त चयन समिति द्वारा रिटायर्ड आईएएस ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति कर आयोग की रिक्त सीटों को भर दिया गया। इन्हें लेकर हंगामा मचा गया। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता रहे अधीर रंजन चौधरी ने इस पर असहमति जताई कहा कि पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति में पीएम के अलावा दूसरे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तीसरे वह खुद थे। चौधरी ने कहा था कि भारत के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया भी चुनाव आयुक्तों की चयन समिति का हिस्सा होना चाहिए थे। तभी इसमें पूरी तरह से पारदर्शिता वाली बात होती। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले गए लेकिन आयोग ने इसका अंतिम आंकड़ा 11 दिन बाद 30 अप्रैल को जारी किया। वह भी छह फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी के साथ। विपक्ष ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया इससे आयोग की विश्वसनीयता और साख पर सवाल खड़े हो गए।





## आदिवासी समुदाय का धर्म हिन्दू नहीं

**जयपुर।** राजस्थान के बांसवाड़ा लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचने वाले नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत का कहना है कि वो न तो हिन्दू हैं और न ही आदिवासी समुदाय ही हिन्दू धर्म को मानता है। गौरतलब है कि राजकुमार 2018 के विधानसभा चुनाव से ही आदिवासी समुदाय के एक बड़े नेता के तौर पर अपनी पहचान बना चुके हैं और लोकसभा चुनाव 2024 में आदिवासी बाहुल्य लोकसभा सीट डूंगरपुर बांसवाड़ा से जीत भी दर्ज करा चुके हैं। ऐसे में उनके इस कथन से कि वो हिन्दू नहीं हैं को लेकर माहौल गर्मा गया है। यहां बताते चलें कि राजकुमार ने आदिवासी समुदाय के दिग्गज कहे जा रहे नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय को करारी शिकस्त दी है।

## गाजा में फिर कत्ल-ए-आम, 210 को मार डाला

एजेंसी। गाजा

इजरायल और हमास के बीच युद्द लंबे समय से चल रहा है। दोनों देश आए दिन एक दूसरे पर गोलियां की बारिश करते रहते हैं। अब हाल ही में इजरायल ने गाजा से चार बंधकों को बचा लिया। लेकिन इजरायली सेना ने 210 लोगों की जान ले ली और हमले के दौरान 400 लोग घायल हो गए हैं। हमास के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान ये बात सामने आई है। पुलिस के एक बयान में कहा गया कि ऑपरेशन के दौरान एक इजरायली बल कमांडर मारा गया। गजान के पैरामेडिक्स और निवासियों ने कहा कि हमले में कई लोग मारे गए। बाजार और मस्जिद के आसपास पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के क्षत-विक्षत शव बिखरे पड़े थे। इजरायल ने बचाए गए बंधकों का नाम नोआ अर्गामानी, 26, अल्मोग मीर जान, 22, एंड्री कोजलोव, 27 और श्लोमी जिव, 41 बताया है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया और अब उनका स्वास्थ्य ठीक है। बता दें कि फलस्तीन संगठन हमास ने इन सभी का हमले के दौरान 7अक्टूबर में नोवा संगीत समारोह से अपहरण कर लिया गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन और उसके साथ तेज हवाई हमला मध्य गाजा के अल-नुसीरत में हुआ, जो एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है और अक्सर इजरायल और हमास के बीच संघर्ष का क्षेत्र बना रहता है। एक इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगर ने कहा कि यह ऑपरेशन नुसीरात में एक आवासीय पड़ोस के मध्य में हुआ जहां हमास ने बंधकों को दो अलग-अलग अपार्टमेंट ब्लॉकों में रखा था। हमले के दौरान इजरायली सेना पर भीषण गोलीबारी हुई और उन्होंने आसमान से गोलीबारी करके जवाब दिया।45 साल के नुसीरत के निवासी जियाद ने भी इस घटना को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने एक मैसेजिंग ऐप के जरिए रॉयटर्स को बताया कि बमबारी एक स्थानीय बाजार और अल-अवदा मस्जिद पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा, चार लोगों को छुड़ाने के लिए इजराइल ने दर्जनों निर्दोष नागरिकों को मार डाला। आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने मृतकों और घायलों को पास के शहर दीर अल-बलाह में अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन कई शव अभी भी सड़कों पर पड़े हुए थे।



## सीकर में लगे भूकंप के झटके लोग घर से बाहर आए, कोई नुकसान नहीं

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर में शनिवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग घर हिलता देखर घबरा गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। इसके साथ ही लोगों ने अपने रिश्तेदारों को फोन कर उनका हालचाल जाना। जानकारी के अनुसार राजस्थान के सीकर में देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिनकी रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई है। किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप के झटके शनिवार रात 11.47 बजे महसूस किए गए। इससे पहले राजस्थान के पाली में अप्रैल में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। पिछली बार भी भूकंप के झटके देर रात करीब आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंटा घाट समेत अन्य इलाकों में भी नहीं रहेगी बिजली, मेंटनेंस को लेकर चल रहा काम

**पटना।** पटना में 11 केवी एसडी सिविल कोर्ट प्रोजेक्ट वर्क को लेकर शाम चार बजे तक बिजली पावर को बंद किया गया है। इस वजह से राजधानी के पुलिस लाइन, अंटा घाट, एसबीआई रोड, सिविल कोर्ट समेत अन्य कई इलाकों की बिजली कटी रहेगी। इस भीषण गर्मी में पावर कट होने से परेशानी बढ़ सकती है। लेकिन, गर्मी में बिजली खपत काफी बढ़ गई है। इस वजह से बिजली विभाग को मरम्मती का काम भी तेजी से चलाना पड़ रहा है। विभाग की ओर से पहले अलर्ट कर दिया जाता है। उन्हें बता दिया जाता है कि इतनी देर तक बिजली नहीं रह सकती है। इस इलाके में भी शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ती चालू कर दी जाएगी। मौसम विभाग ने भी भीषण गर्मी को लेकर बिहार के कई जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों से अपील भी किया है कि बेवजह घर से बाहर नहीं निकले। लू लगने की संभावना हो सकती है। डॉक्टर के मुताबिक सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है।

### पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में आरोपी अरेस्ट, वैशाली में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई थी घटना

**हाजीपुर।** वैशाली के बलिगांव थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने वाले फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि विसर्जन के दौरान चौकीदार ने थाना को सूचना दी थी कि थाना क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर में मूर्ति विसर्जन को लेकर बहुत से लोग प्रतिबंधित डीजे के साथ एकत्रित हुए है। सूचना के सत्यापन के लिए उक्त स्थान पर जब पुलिस की टीम पहुंची, तो देखा कि प्रतिबंधित डीजे शोर के साथ बजाया जा रहा है। वहां, एकत्रित लोगों में अव्यवस्था की स्थिती बन रही थी। इसे पुलिस बल के सहयोग से विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया गया था। लेकिन, वहां एकत्रित उपद्रवी लोगों ने पुलिस बलों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। इस मामले में अब-तक 8 व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई थी। फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गांव से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपी बलिगांव थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी शिवाजी महतो का बेटा पंकज महतो बताया गया है। इस संबंध में वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है, जिसे जेल भेज दिया गया है।

### बिहार में गर्मी ने तोड़ा 55 साल का रिकॉर्ड, 18 जिलों का पारा 40 के पार, 72 घंटे में 4 डिग्री और बढ़ेगा टेंपरेचर



**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। प्रदेश में गर्मी ने 55 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 24 घंटे में औरंगाबाद का तापमान 44.6 डिग्री तो पटना में 43 डिग्री के पार रहा। जबकि बक्सर सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 46 करीब पहुंच गया।बिहार के 18 जिलों का पारा 40 के पार चला गया। मौसम विभाग की माने तो 72 घंटे में 4 डिग्री और बढ़ेगा टेंपरेचर बढ़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 जून तक गर्मी से राहत मिलने की भी संभावना नहीं है। रविवार को राज्य के 20 जिलों में लू चलने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने भागलपुर, बांका, जमुई, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, नवादा, लखीसराय, शेखपुरा, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और पश्चिम चंपारण में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इस सीजन में बिहार के 55 साल का गर्मी का रिकॉर्ड टूट चुका है। 29 मई को औरंगाबाद का अधिकतम पारा 48.2 डिग्री था। इससे पहले 14 मई 1970 को गया का पारा 47.1 डिग्री था। पटना का अधिकतम तापमान ऑल टाइम रिकॉर्ड 9 जून 1966 मं 46.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

### बिहटा में अपराधियों ने होमगार्ड जवान को मारी गोली, गंभीर हालत में पटना रेफर, किया हंगामा

**पटना।** बिहटा के नेउरा थाना क्षेत्र के गोरिया डेरा गांव के पास होमगार्ड जवान को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच हवाई फयार करते हुए सभी अपराधी भाग निकले। आनन-फानन में जवान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। घायल जवान की पहचान गोरिया डेरा निवासी उमेश पंडित(55) के तौर पर हुई है। मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। जिसे स्थानीय लोगों का विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक जवान शाम के समय रोज की तरह जिलाधिकारी कार्यालय से ड्यूटी खत्म होने के बाद घर लौट रहा था। इस बीच पहले से घात लगाकर बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।




### तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को रौंदा, वैशाली में बेटे की मौत, दवा लेकर घर लौट रहा थे दोनों

**हाजीपुर।** वैशाली के महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ देसरी रोड स्थित पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम के आवास के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने साईकिल सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दिया। जिससे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसीमा लक्ष्मणपुर गांव के रंधीर सिंह के पुत्र अमित कुमार(19) के रूप में हुई है। वहीं इस घटना में उसके पिता रंधीर सिंह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए महुआ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।स्थानीय लोगों के मुताबिक पिता पुत्र अपने घर चौसिमा से साइकिल से दवाई लेने महुआ बाजार आ रहे थे। तभी महुआ के पुरानी बाजार स्थित पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम के घर के पास पीछे से तेज आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनके साईकिल में ठोकर मार दिया, जिससे अमित कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घायल पिता को लोगों ने इलाज के लिए महुआ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना पाकर मौके पर महुआ थाना पहुंच शव को अपने कब्जे मे ले पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक अमित कुमार दो भाई में बड़ा था। पिता मेहनत मजदूरी कर रहे हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।



# मर्डर केस में लालू के भाई के 2 पोते गिरफ्तार

## पटना में SI के बेटे की हत्या का आरोप, बर्थडे पार्टी में चली थी शराब

**एजेंसी, पटना।**

पटना के शास्त्रीनगर थाना इलाके की एजी कॉलोनी में सुदीश यादव के फ्लैट में SI के बेटे की शुक्रवार की रात बर्थडे पार्टी के दौरान हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फ्लैट के मालिक सुदीश यादव के दोनों बेटे आकाश यादव और विकास यादव को गोपालगंज जिले के फुलवरिया से गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि सुदीश आरजेडी सुप्रीमो यादव लालू प्रसाद के रिश्तेदार हैं। सुदीश लालू यादव के बड़े भाई मंगरू यादव के पोते हैं। जिस लड़के की हत्या हुई थी, उसकी पहचान आरा निवासी SI श्याम रंजन सिंह के 17 साल के बेटे आर्यन राज के रूप में हुई थी। आर्यन के पिता एसआइ श्याम रंजन मुख्यालय में स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित हैं। आर्यन वर्तमान में थाना क्षेत्र के पटेल नगर स्थित गांधी मूर्ति नगर में अपने परिवार के साथ रहता था।

**बर्थ-डे पार्टी में गया था आर्यनः** बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर शाम आर्यन अपनी मां से यह कहकर निकला था कि वह दोस्तों के साथ बर्थ-डे पार्टी करने जा रहा है। काफी देर होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचा तभी परिवार को शक हुआ था। काफी फोन लगाने के बाद भी उसके बारे में कोई सूचना नहीं मिली तो सभी ने खोजने की कोशिश की, लेकिन कुछ नहीं पता चल सका था। देर रात अचानक से शास्त्रीनगर थानेदार के मोबाइल पर एक युवक का कॉल आया और पुलिस को बताया गया कि आर्यन की हत्या हो गई है। इसके बाद शनिवार की सुबह पुलिस ने ताला तोड़ा तो आर्यन का शव बरामद हुआ।

**जिसका बर्थ-डे था उससे हो चुका था विवादः** जानकारी के अनुसार जिस फ्लैट में आर्यन की हत्या की गई है, वह गोपालगंज के फुलवरिया के रहने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े भाई के बेटे सुदीश यादव के नाम पर है। सुदीश अपनी पत्नी के साथ गांव गए हुए थे। बताया गया कि आकाश और विकास दोनों सुदेश के बेटे हैं और विकास का ही बर्थ-डे था। विकास का आर्यन के साथ पहले किसी बात को लेकर विवाद हो चुका था, जिसके बाद आर्यन ने विकास के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे पकड़ कर लायी और समझा-बुझाकर उसे बाद में छोड़ दिया गया था। आर्यन ने जब विवाद के बाद फिर से विकास से दोस्ती की तो पिता ने बेटे से कहा भी कि फिर से विकास से दोस्ती हो गई। उससे दोस्ती खत्म करो। परिजनों को शक है कि पूरी प्लानिंग के साथ यह हत्या की गई है और पूर्व के विवाद को लेकर इसे मारा गया है।



**घरवालों ने फोन किया तो मोबाइल बंद थाः** आर्यन शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे घर से यह कहकर निकला था कि दोस्त की पार्टी में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो पिता व अन्य घरवालों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया पर मोबाइल बंद था। किसी अनहोनी की आशंका देख परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। आर्यन के परिजन देर रात शास्त्रीनगर थाना पहुंचे और उसकी गुमशुदगी की लिखित सूचना दी और उसका मोबाइल नंबर भी दिया। देर रात ही थानेदार को बर्थ डे पार्टी में शामिल किसी युवक ने कॉल कर बताया कि आर्यन की हत्या हो गई।

**इसी साल आर्यन ने 12वीं पास की थीः** आर्यन डीएवी का छात्र था। इसी साल उसने 12वीं पास की थी। इसके बाद आगे की तैयारी के लिए वह बाहर कॉलेज में एडमिशन लेने वाला था। आर्यन दो भाइयों में बड़ा है। बताया जा रहा है कि पार्टी में किसी लड़की के होने की भी शक है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फ्लैट के मालिक सुदीश यादव के दोनों बेटे आकाश यादव और विकास यादव को उनके पैतृक गांव गोपालगंज जिले के फुलवरिया से गिरफ्तार कर पटना लेकर चली गई है। इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ से ही इस मामले की सच्चाई से पर्दा उठ पाएगा की एएसआई के बेटे आर्यन की हत्या क्यों और किस कारण की गई?

# सेक्सटॉर्शन के नाम पर नाबालिग से 1.40 लाख की ठगी, पैसा देने के लिए आईफोन से लेकर जूता तक बेचा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के नेहरू नगर में रह कर पढ़ाई करने वाले एक नाबालिग से सेक्सटार्शन के नाम पर 1.40 लाख की ठगी की गई है। नाबालिग को एक वीडियो कॉल आया था। वीडियो में लड़की अश्लील बातें करने के साथ अपने कपड़े उतार कर नाबालिग को भी ऐसा करने को कही थी। पीड़ित ने भी लड़की के कहे अनुसार किया। इसके बाद स्क्रीन रिकॉर्ड कर लिया गया। कुछ देर बाद लड़की ने वही वीडियो भेज कर रुपए की डिमांड कर दी। करीब 6 महीने तक अजनबी लड़की नाबालिग से पैसा लेती रही।

**लॉज में रह कर पढ़ाई करता थाः** पटना के पाटलिपुत्रा थाना क्षेत्र के एक लॉज में रह कर पढ़ाई करता था। नाबालिग ने दैनिक भास्कर को बताया कि यह घटना नवंबर 2023 में हुआ था। इसके बाद लड़की हमेशा उस वीडियो को दिखा कर उसे वायरल करने की धमकी देती थी। नाबालिग डर कर कभी अपने पॉकेट मनी, कभी अपना आई फोन बेच कर, कभी लैपटॉप बेच कर, कभी अपने क्लास की फीस तो कभी अपना जूता बेच कर पैसा देता रहा। बेचने के लिए कुछ नही बचा तो नाबालिग पीछा छुड़ाने की कोशिश करने लगा। इसी बीच नाबालिग ने न्यूज पर इस तरह के

♦ **लड़की ने ऑनलाइन बनाई थी अश्लील वीडियो**



मामलों में कार्रवाई होते हुए देखा। नाबालिग ने मन बनाया और मामला दर्ज करा दिया।

**500 भी मंगा लेते थे शातिरः** नाबालिग ने बताया कि इन लोगों ने इतना डरवा दिया था कि मैं सिर्फ सामान बेच कर उनको पैसे ही देते रहता था। कभी 30 हजार, कभी 19 हजार। यहां तक कि कभी मुझसे 500 और 1000 भी मंगाते थे। कई बार वो छोटे-मोटे सामान का पैसा जैसे 110, 160, 220 का भुक्तान ऑनलाइन शॉपिंग में कराते थे। कभी पैसा नहीं देने रहने पर कहते थे कल सुबह उठते, तुमको तुम्हारा वीडियो दिख जाएगा, लिंक हम लोग भेज देंगे। नाबालिग ने कुछ दिन पहले सुसाइड का भी मन बना लिया था।

**डिटेलिंग पुलिस को दी गईः** परेशान होकर नाबालिग ने ऑनलाइन आवेदन दे कर मामला दर्ज कराया है। नाबालिग ने साइबर थाने में कॉल आने से लेकर अब तक हुई सभी घटना को बताया। नाबालिग ने लड़की का फोन नंबर, यूपीआई की डिटेल, आपत्तिजनक वीडियो पुलिस को उपलब्ध करा दिया है।

नाबालिग ने कुल 33 ट्रांजेक्शन में 1.40 लाख रुपए लड़की के कहने पर भेजा है। नाबालिग ने इस मामले में फोन आने वाले तीनों नंबर 7738018258, 7536537664 और 9971765866 की भी जानकारी पुलिस को दे दी है। पटना साइबर थाने के दरोगा पुष्कर कुमार ने बताया कि नाबालिग के आवेदन पर सेक्सटार्शन का मामला दर्ज किया गया है। जिस नंबर से कॉल आया है उन सभी नंबरों को पुलिस खंगाल रही है। यूपीआई को भी पुलिस खंगाल रही है, जिस पर पैसा भेजा गया था। पुलिस बहुत जल्द इस मामले में शामिल लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगी।

# दानापुर में ऑटो लिफ्टर गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर के रूपसपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। ऑटो लिफ्टर गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक ऑटो और चाकू को जब्त किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान कौशल नगर हवाई अड्डा निवासी लक्ष्मण पासवान, आशियाना खाजपुरा के रौशन कुमार, न्यू सबजपुरा फुलवारीशरीफ के छोटू कुमार और आशियाना बेऊर के रहने वाले मनीष यादव के तौर पर हुई है।

**चाकू के बल पर 15 हजार की लूटः** जानकारी के मुताबिक शनिवार को तीन मजदूरों ने खगौल स्टेशन से मीठापुर बस स्टैंड जाने के लिए ऑटो पकड़ा था। रास्ते में चाकू दिखाकर बदमाशों ने दीघा नहर के पिलर नंबर 230 के पास अमन सरदार, पवन कुमार सरदार व मनोज कुमार मंडल से 15 हजार नगद लूट लिए।

**ऑटो चालक की निशानदेही पर गिरफ्तारीः** मामले की सूचना मिलते ही रूपसपुर थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से कुछ दूरी पर ऑटो चालक को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने घटना में शामिल तीन अन्य लोगों का नाम बताया। जिसके आधार पर तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऑटो लिफ्टर गैंग के सदस्य खगौल रेलवे स्टेशन के पास दूसरे राज्य से कमाकर घर लौटे मजदूरों को अपना निशाना बनाते थे।



**रेलवे स्टेशन के पास मजदूरों को बनाया था शिकार**

### डॉयल 112 से जुड़ा फायर ब्रिगेड की टीम, 2 शिफ्ट में काम कर रही फायर ब्रिगेड की टीम

**एजेंसी, पटना।**

पटना अग्निशमन कंट्रोल रूम अब राहत की सांस ले रही है। बिहार में कही भी आग लगने पर 101 पर कॉल आता था। अब डायल 112 कंट्रोल रूम को जोड़ दिया गया है। इससे पहली की अपेक्षा अग्निशमन की टीम जल्द मौके पर पहुंच पाएगी। इसके लिए डायल 112 में अग्निशमन की टीम को दो शिफ्ट में ड्यूटी दी गई है। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी अजित कुमार ने इसकी जानकारी दी है। बिहार में कहीं भी आग लगने पर 100 या 101 पर डायल होने से अधिकांश कॉल पटना फायर स्टेशन को मिलती थी। यहां से दूसरी जगह ट्रांसफर किया जाता था। इस वजह से दमकल की टीम समय पर नहीं पहुंच पाती थी।



**ज्यादा बढ़ियां काम हो रहा हैः** अब डायल 112 को अग्निशमन से जोड़े जाने पर पूर्व की अपेक्षा बेहतर काम हो रहा है। बिहार के सभी जिलों के फायर स्टेशन कर्मी अब राहत की सांस ले रहे हैं। अग्निशमन की 12 से अधिक पटना जिले में फायर स्टेशन है। सभी फायर स्टेशन को 101 और 100 के अलावा डायल 112 को जोड़ दिया गया है। इससे इमरजेंसी होने पर विभाग के कर्मी को कॉल ट्रांसफर किया जा सके। इसके बाद तत्काल मौके पर राहत दल भेज कर बचाव कार्य किया जा सके।

# पटना में फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, ठगी का आरोप

## हॉस्पिटल खोलने के नाम पर ठगी, गाड़ी में सचिव का नेमप्लेट लगा कर चलता था

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक कथित डॉक्टर लालबाबू सिंह उर्फ एलबी सिंह पर 18 लाख की ठगी करने का आरोप लगा है। पेशे से शिक्षक नम्रता आनंद ने यह आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल खोलने के नाम पर 18 लाख की ठगी को अंजाम दिया है। इसके बाद नम्रता के भाई डॉक्टर आशीष सहाय से भी 13 लाख की ठगी का आरोप लगाया है। नम्रता आनंद ने बताया कि करीब 10 लोगों से इसने ठगी की है। इसमें रिटायर्ड फौजी, डॉक्टर भी शामिल हैं। खुद को ये डॉक्टर बताकर लोगों के बीच अपना परिचय देता था। अपनी गाड़ी पर जन स्वास्थ्य विभाग के सचिव का नेमप्लेट लगाकर चलता था। इससे लोगों में अपनी रसूख बढ़ाता था। उन्होंने कथित डॉक्टर एलबी सिंह को फ्रॉड और जालसाज बताया है।

**हॉस्पिटल खोलने के नाम पर करता था ठगीः** पीड़ित शिक्षिका का आरोप है कि एलबी सिंह हॉस्पिटल खोलने के नाम पर ठगी करता था। उसने शिक्षिका को मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने और उसमें पार्टनरशिप करने के लिए 26 लाख लगने की बात कही थी। उसके डॉक्टर भाई से भी हॉस्पिटल के नाम पर ही 13 लाख लिए थे। लेकिन कुछ नहीं किया। सभी को धोखा देता गया। ठगी करता रहा।



**सेना रेफरल अस्पताल के डॉक्टर ने क्या कहाः** सेना रेफरल अस्पताल बोरिंग रोड के डायरेक्टर राजकुमार ने बताया कि एलबी सिंह ने उनके साथ 12 लाख की ठगी 2018 में की थी। उस वक्त इसने मुझसे अपने गरीब हॉस्पिटल जो मैनपुरा में है, उसमें मेडिकल स्टोर खुलवाने के नाम पर रुपए लिए थे। लेकिन कुछ नहीं किया तो इसकी शिकायत श्रीकृष्णपुरी थाने में की थी। इसके बाद एलबी सिंह गिरफ्तार भी हुआ था। कोर्ट के समक्ष मेरे 12 लाख में से डेढ़ लाख रुपए लौटाए भी थे। कोर्ट को आश्वासन दिया था कि शेष बचे रुपए भी लौटा देंगे। लेकिन जमानत मिलने के बाद से कोर्ट में जब तारीख पड़ती थी तो समय लेकर भाग जाता था।

**थानेदार ने की गिरफ्तारी की पुष्टिः** डॉक्टर एलबी सिंह की गिरफ्तारी घर से हुई है। इस बात की पुष्टि कदमकुआं के थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि बहुत लोगों से इसने ठगी की थी। थाने पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी के आलोक में आज घर से गिरफ्तारी की गई है।

# चिराग को पहली बार मोदी कैबिनेट में जगह, तीसरी बार सांसद बने हैं, खुद को बताते हैं पीएम का 'हनुमान'

**एजेंसी, पटना।**

चिराग पासवान हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद बने हैं। वे पहली बार केंद्रीय मंत्री बनने जा रहे हैं। एलजेपी(आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान तीसरी बार सांसद बने हैं। इस बार मोदी कैबिनेट में भी जगह मिल रही है। 31 अक्टूबर 1982 को चिराग पासवान का जन्म हुआ। मां का नाम रीना पासवान है। शादी से पहले वो एयर इंडिया में एयर हॉस्टेस थीं। पिता रामविलास पासवान लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक थे। हाजीपुर लोकसभा सीट से कई बार सांसद रहे। केंद्र में कई बार मंत्री भी बने। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकार में वो कैबिनेट मंत्री थे। साल 2020 में विधानसभा चुनाव से पहले उनका निधन हो गया था।



**12वीं की पढ़ाई दिल्ली के एयरफोर्स स्कूल से कीः** परिवार में कुल 6 सदस्य हैं। चिराग पासवान, मां रीना पासवान, बड़ी बहन निशा पासवान, बहनोई अरूण भारती और उनके दो बच्चे हैं। चिराग ने 12वीं की पढ़ाई दिल्ली के एयरफोर्स स्कूल से की है। झांसी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से बीटेक के सेकेंड सेमेस्टर तक की पढ़ाई की।

**पहली बार 2014 में जमुई से सांसद बनेः** चिराग का मुख्य पेशा राजनीति ही है। इनकी शादी अभी नहीं हुई है। 2012 से चिराग अपनी पार्टी के काम में एक्टिव हुए। इसके बाद राज्य से लेकर राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सक्रियता काफी बढ़ गई। अब तक लोकसभा के तीन चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में वो जमुई से लोकसभा का चुनाव लड़े और सांसद बने। दूसरी बार 2019 में भी जमुई से चुनाव लड़कर सांसद बने। तीसरी बार 2024 के लोकसभा चुनाव में इन्होंने अपने पिता के संसदीय क्षेत्र हाजीपुर को चुना और चुनाव जीत लगातार तीसरी बार सांसद बने हैं।

**पहले कभी मंत्री नहीं रहे हैंः** पहले कभी मंत्री नहीं बने। सांसद रहते चिराग पासवान ने जमुई में एक केंद्रीय विद्यालय खुलवाया। इसके बाद उन्होंने पासपोर्ट ऑफिस का एक ब्रांच खुलवाया। फिर कोरोना काल में लोगों की जान बचाने के लिए एक ऑक्सीजन प्लांट बनवाया। पिछड़े जिलों के विकास के लिए भारत सरकार की योजना के तहत एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को जमुई में लागू करवाया। इसके बाद जमुई एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम में अव्वल बन गया।

# पटना में घूस लेते पुलिसकर्मी का वीडियो आया सामने

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक पुलिसकर्मी का रिश्वत लेने का वीडियो सामने आया है। जिसमें सादे लिबास में थाने की बिल्डिंग में सीढ़ी के पास रुपए लेते नजर आ रहा है। उसके साथ दो लोग पहले बातचीत करते हैं, फिर पर्स से कुछ रुपए निकालकर देता है। रुपए लेने के बाद वहां से तीनों चले जाते हैं। रुपए लेने वाले शख्स की पहचान शंकर सुंदरम के रूप में हुई है। जो सिपाही के पद पर गर्दनीबाग थाने में तैनात था।

**थानाध्यक्ष ने बताया पुरानाः** वहीं, गर्दनीबाग थानाध्यक्ष मोहम्मद कमाल ने इस वीडियो को पुराना बताया है। उन्होंने कहा कि शंकर सुंदरम सिपाही के पद पर था। जो अब सस्पेंड हो चुका है। अभी ड्यूटी में नहीं है। मुख्यालय से पता करना होगा कि कब सस्पेंड हुआ है। इसी वीडियो को लेकर कार्रवाई हुई थी। यह वीडियो पुराना है। हालांकि किसी ने रुपए देने के बारे में शिकायत भी नहीं की है।



♦ **थानाध्यक्ष ने बताया पुराना, कहा- आरोपी पहले से सस्पेंड है, गर्दनीबाग थाने में था तैनात**

**पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए आए थे दो लोगः** गर्दानीबाग इलाके के ही दो लोग थाने पर पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए आए थे। इनसे लगभग 8000 रुपए लिए गए थे। वीडियो मई महीने की 29 तारीख की है। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# बिहार में एक अप्रैल से लागू नई बिजली दर पर कंपनी ने जताई आपत्ति

**पटना , एजेंसी।** बिहार में एक अप्रैल से लागू नई बिजली दर पर कंपनी ने आपत्ति जताई है। उसने बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर की है। याचिका में कंपनी ने कहा है कि आयोग ने नुकसान का अधिक आकलन किया है। इस कारण कंपनी की आय में वृद्धि हो गई है। अब आयोग कंपनी की इस दलील को आधार पर याचिका पर विचार कर रहा है। अप्रैल में बिजली दर में 3.03 फीसदी वृद्धि के कंपनी के प्रस्ताव को बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने खारिज कर दिया था। आयोग ने बिजली लगभग दो फीसदी सस्ती भी कर दी थी। सस्ती बिजली होने से सभी श्रेणियों की बिजली दर में 15 पैसे प्रति यूनिट की कमी हो गई। दरअसल एक मार्च को विनियामक आयोग ने नई बिजली दर तय की घोषणा की। लेकिन कंपनी आयोग के फैसले से सहमत नहीं है। कंपनी का कहना है कि आयोग की ओर से कंपनी के नुकसान आकलन में गड़बड़ी हुई है। इससे कंपनी के वास्तविक खर्च का सही तरीके से आकलन नहीं हुआ है। इस आकलन में कंपनी को जितना पैसा खर्च के लिए मिलना चाहिए वह नहीं मिल सका है।

कंपनी ने इस तर्क के आधार पर आयोग से फिर से टैरिफ पिटिशन पर विचार करने का आग्रह किया है। कंपनी की दलील पर आयोग ने कहा है कि वह पुनर्विचार याचिका को सार्वजनिक करे। समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों को बताए कि कहां गड़बड़ी हुई है। इसके बाद इस पुनर्विचार याचिका पर आम लोगों से राय भी ली जाएगी। इसके बाद ही आयोग कंपनी की पुनर्विचार याचिका पर कोई निर्णय लेगा।

### कंपनी के पक्ष में फैसला आया तो बढ़ सकती है बिजली दर

अगर आयोग कंपनी की पुनर्विचार याचिका को मानकर फैसला सुनाता है तो बिहार में बिजली दर में वृद्धि हो सकती है। इसका सीधा असर राज्य के दो करोड़ बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। यही नहीं, उपभोक्ताओं को अप्रैल से ही नई दर के अनुसार बिजली बिल का भुगतान करना होगा। हालांकि इसकी संभावना कम है। आयोग सूत्रों के अनुसार अगर दुबारा आकलन में कंपनी के नुकसान में कुछ बदलाव भी आएगा तो उसे अगले साल की याचिका में स्वीकार किया जाएगा। चूंकि नई दर के प्रभावी हुए तीन महीने हो चुके हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं से नए सिरे से बिजली बिल वसूलने में भी परेशानी होगी। नॉर्थ एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 35 हजार 303 करोड़ 67 लाख रुपए मांगे थे। लेकिन आयोग ने 32 हजार 741 लाख की ही मंजूरी दी और 1614.12 करोड़ सरप्लस आमदनी बताई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोग ने एनबीपीडीसीएल के लिए वितरण हानि 14.55 फीसदी और एसबीपीडीसीएल के लिए 17.49 फीसदी तय किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेड पर ही मरीजों को मिलेगी सारी सुविधाएं

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया में शनिवार को बीएम एसआई सीएल के सौजन्य और उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल और अस्पताल प्रबंधक के प्रयास से 52 बेडों पर मल्टी पैरामीटर मॉनिटर का इंस्टॉलेशन और दो ऑटोमेटिक लेबर टेबल का इंस्टॉलेशन किया गया। अस्पताल प्रबंधक रमन कुमार ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में मल्टीपल मॉनिटर 5 1.1 के सिस्टम से काम करता है जिसमें एक सीओ 2 बीपी टेंपरेचर और भी अन्य फंक्शन हैं। इससे बीपी, ऑक्सीजन और पल्स और ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे आने वाले पेशेंट के इलाज और ऑपरेशन में सुविधा मिलेगी। इमरजेंसी 7, ओटी में 8, लेबर रूम 9 और बाकी फेब्रिकेटेड भवन में मल्टी पैरामीटर मॉनिटर लगाया गया है।

### सुल्तानगंज में बिना एनओसी लिए बनाया सड़क

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** नगर परिषद के कचरा डंपिंग स्थल का निरीक्षण नगर परिषद के सभापति और कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा किया गया। सभापति राजकुमार गुड्डू ने बताया कि कचरा डंपिंग स्थल मिरहट्टी के निरीक्षण में पाया गया कि आरडब्लूडी विभाग द्वारा एक सड़क का निर्माण कराया गया है। जो डंपिंग एरिया में पड़ता है। आरडब्लूडी विभाग द्वारा नप से बिना एनओसी लिए सड़क निर्माण कराया गया है। जो नियमानुकूल नहीं है। इस मामले में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। इधर नप कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सीओ को इस संबंध में जानकारी दी गई है। उन्होंने अमीन भेजकर सीमांकन कराने का आश्वासन दिया है। संबंधित विभाग को भी लिखा जाएगा।

### मानपुर में चालक से मारपीट कर टोटो लेकर फरार

**भागलपुर, एजेंसी।** मानपुर(ए स) गया नवादा मुख्य मार्ग के मुफस्सिल थाना के रसलपुर रेलवे गुमटी के पास तीन चार की संख्या में अपराधियों ने टोटो चालक से मारपीट की। फिर टोटो ले भागे। इस मामले में टोटो चालक आदित्य कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चालक ने बताया कि बाईपास मोड़ के पास तीन चार लोग टोटो पर बैठकर रसलपुर जा रहे थे। रेलवे गुमटी के पार होते ही चारो युवकों में मारपीट की और टोटो ले भागे।

### नवगछिया बाजार में डिक्की से गायब किया 2,40 लाख कोढ़ा से बरामद

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया पुलिस ने बाजार में एक दुकान के बाहर लगी बाइख की डिक्की को तोड़कर ढाई लाख रुपये गायब करने के मामले में कार्रवाई करते हुए कटिहार के जिले के कोढ़ा नया टोला जुराबगंज में अपराधी के घर छापामारी करते हुए 2.40 लाख रुपया बरामद कर लिया है। नवगछिया थाना अध्यक्ष रविशंकर सिंह ने बताया कि 6 जून को कदवा थाना के व्यवसाई अमित कुमार अपने भाई के साथ नवगछिया आए थे और उन्होंने एक्सिस बैंक से 2.55 लाख रुपया निकाला और अपने भाई की बाइक की डिक्की में रुपया रख करके एक दुकान के अंदर खरीदारी के लिए गए। जब वे लौट कर आए तो उनके मोटरसाइकिल के डिक्की से रुपया गायब मिला। इस संबंध में अमित कुमार के बयान पर नवगछिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। नवगछिया पुलिस ने दुकान में लगी सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान की। इसके बाद नवगछिया एसडीपीओ ओमप्रकाश के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष रविशंकर सिंह, दरोगा संतोष शर्मा सहित पुलिस वालों द्वारा कटिहार जिला के कोढ़ा थाना अंतर्गत नया टोला जुराबगंज में अपराधियों के घर छापेमारी की गई और घर में छुपा कर रखा हुआ 2.40 लाख रुपया बरामद किया गया। पुलिस की भनक मिलते ही अपराधी फरार हो गए। एससीडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है जल्द ही वह पुलिस पकड़ में होगा।

# बिहार में गर्मी ने तोड़ा 55 साल का रिकॉर्ड

## 18 जिलों का पारा 40 के पार



**पटना, एजेंसी।** बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। प्रदेश में गर्मी ने 55 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 24 घंटे में औरंगाबाद का तापमान 44.6 डिग्री तो पटना में 43 डिग्री के पार रहा। जबकि बक्सर सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 46 करीब पहुंच गया।बिहार के 18 जिलों का पारा 40 के पार चला गया। मौसम विभाग की माने तो 72 घंटे में 4 डिग्री और बढ़ेगा टेंपरेचर बढ़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 जून तक गर्मी से राहत मिलने की भी संभावना नहीं है। रविवार को राज्य के 20 जिलों में लू चलने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने भागलपुर, बांका, जमुई, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, नवादा, लखीसराय, शेखपुरा, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और पश्चिम चंपारण में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है।

### 55 साल का टूटा रिकॉर्ड

इस सीजन में बिहार के 55 साल का गर्मी का रिकॉर्ड टूट चुका है। 29 मई को औरंगाबाद का अधिकतम पारा 48.2 डिग्री था। इससे पहले 14 मई 1970 को गया का पारा 47.1 डिग्री था। पटना का अधिकतम तापमान ऑल टाइम रिकॉर्ड 9 जून 1966 मं 46.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम

10 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य, दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम और उत्तर-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहेगा। उत्तर-पूर्व भाग के एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश और आकाशीय बिजली के साथ साथ तेज हवा चलने की संभावना है। 11 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-मध्य भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहेगा। राज्य के दक्षिण-पूर्व और उत्तरी हिस्सों के एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवा चलने की संभावना है।

### गर्मी से राहत नहीं

अगले दो-तीनों तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। दक्षिण बिहार में कम से कम एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। ऐसा इसलिए क्योंकि बंगाल के इस्लामपुर में मानसून ठहरा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 31 मई से इसी स्थान पर मानसून रुका है।

### अधिकतम तापमान में गिरावट, फिर भी गर्मी से राहत नहीं

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 11 जून तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी, लेकिन लू जैसी स्थिति बनी रहेगी। राज्य के 15 जिले लू की चपेट में रहे। इसमें पटना, गया, शेखपुरा, गोपालगंज, जमुई, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, बांका, औरंगाबाद, नवादा, राजगीर, रोहतास अरवल और मुंगेर शामिल है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचे। अपने आप को हाइड्रेटेड रखें। ओआरएस के साथ साथ लस्सी, नींबू पानी और छाछ का सेवन करें।

### 10 लोगों को रोजगार से जोड़ा

# डेयरी प्रोडक्ट बना कमा रही 8 लाख रुपए सालाना नौकरी देने की चाहत ने बनाया महिला उद्यमी

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय की तिलरथ निवासी नीतू कुमारी आज काफी चर्चित शख्सियत के रूप में सामने आई हैं। लोग उन्हें कहते थे पंचायत शिक्षक बन जाओ। हालांकि, उनका सपना नौकरी पाना नहीं, बल्कि महिला उद्यमी बनना था। जिससे वो लोगों को नौकरी दे सकें। मेहनत रंग लाई और उन्होंने डेयरी प्रोडक्ट बनाना शुरू किया।



काम इतना अच्छा चला कि बेगूसराय में दूध के कारोबार से जुड़े लोग नीतू को पहचानने लगे। आज नीतू ने 10 लोगों को रोजगार से जोड़ा है। नीतू सालाना साढ़े 8 लाख रुपए तक कमाई भी कर रही हैं। बेगूसराय के महिला उद्यमियों में पहली पंक्ति में उनका नाम शामिल है। उनके वंदना एग्रो डेयरी उद्योग में दही, पनीर, पेड़ा, घी और लस्सी तैयार की जाती है। इसकी चर्चा आसपास के गांव ही नहीं, मोकामा तक हो रही है। किसी भोज में जब लोग इनकी डेयरी से तैयार दही खाते हैं तो मलाईदार रहने के कारण इसकी चर्चा जरूर होती है और डिमांड भी तुरंत बढ़ जाती है। नीतू ने अपने डेयरी प्लांट और प्रोडक्ट का नाम बेटी के नाम पर रखा है। नीतू बताती हैं कि 2017 में उन्होंने अपने घर पर ही दूध समिति खोला। लेकिन, जब कोरोना आया तो दूध समिति की स्थिति काफी खराब हो गई। बाहर सप्लाई बंद रहने के कारण डेयरी में काफी दूध बर्बाद होने लगा। इससे डेयरी ने उनके सेंटर से दूध लेना बंद कर दिया।

ऐसे में किसान भी परेशान हो गए। इसी दौरान नीतू ने सोचा क्यों न वह अपने सेंटर पर जमा होने वाले दूध से डेयरी प्रोडक्ट तैयार कर बेचना शुरू कर दे। इसके बाद नीतू ने घर में ही यह काम शुरू कर दिया।

### 100 से अधिक पशुपालक दूध जमा कराते हैं

इसके बाद नीतू ने अपने घर से दो किलोमीटर दूर लगौली में 6 कट्ठा जमीन लीज पर लेकर सितंबर 2023 में वंदना एग्रो डेयरी उद्योग की शुरुआत की। अब वह किसी अन्य डेयरी के लिए दूध समिति नहीं चलाती हैं, बल्कि अपने डेयरी के लिए उन्होंने अपना दूध सेंटर खोल रखा है। जहां कि 100 से अधिक पशुपालक वहां दूध जमा कराते हैं।

अकेले ही दही, घी, लस्सी, पनीर और पेड़ा बनाने लगी और पति अमरेन्द्र के सहयोग से सारा प्रोडक्ट बेचती थीं। धीरे-धीरे जब यह काम चल पड़ा तो लोन के लिए अप्लाई किया। उद्योग विभाग से लोन पास हो गया तो बैंक वाले 30 लाख का हैवी अमाउंट देने के लिए तैयार नहीं थे। पर बाद में नीतू के प्लान और प्रोजेक्ट को देख बैंक ने लोन दे दिया।

### फतेहपुर थाना क्षेत्र चार जगहों से चार बाइक चोरी, एक बरामद

**भागलपुर/फतेहपुर, एजेंसी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में चार जगहों से चार बाइक की चोरी हो गई। इसमें से पुलिस ने एक बाइक को सड़क किनारे लावारिश हालत में बरामद किया है। बताया गया है कि थाना क्षेत्र के हरदतबीघा गांव निवासी प्रभात कुमार का हीरो ग्लैमर बाइक घर के बाहर दालान से चोरी हो गई। वहीं विक्की कुमार की बाइक रुपिन मोड़ के पास से चोरी हो गई। इसी तरह डुमरीचट्टी गांव निवासी रमेश कुमार की बाइक घर के दरवाजे पाए से रात में चोरी हो गई। वहीं मोरहे गांव निवासी पवन केसरी की बाइक भी घर के बाहर से चोरी हो गई है। रमेश की बाइक को चोरी कर भाग रहे चोर पेट्रोल खत्म हो जाने पर बाइक को फतेहपुर-वजीरगंज सड़क में छोड़ दिया जिसे पुलिस ने बरामद किया।



### तेजस्वी का यादवों पर फोकस आरजेडी को पड़ा भारी? लोकसभा में हार पर लालू की पार्टी करेगी मंथन

**पटना , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की 23 सीटों पर लड़ी लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ( आरजेडी ) महज चार पर ही जीत दर्ज कर सकी। आरजेडी को 19 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। अब पार्टी के नेता हार की समीक्षा करने में जुट गए हैं। आरजेडी सूत्रों की मानें तो लोकसभा चुनाव में तेजस्वी का यादवों पर फोकस पार्टी के लिए भारी पड़ गया। पूर्व डिप्टी सीएम की अधिकांश रैलियां यादव बाहुल्य इलाकों में ही हुई। इससे अन्य जातियों के वोट छिटक गए। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बिहार में महागठबंधन यानी इंडिया गठबंधन के प्रचार की कमान पूरी तरह तेजस्वी यादव के हाथ में थी। उन्होंने राज्यभर में ताबड़तोड़ 251 चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि तेजस्वीकी अधिकांश सभाएं यादव बहुल इलाकों में हुईं। इसका असर भी चुनाव परिणाम पर पड़ा है। इन क्षेत्रों में आरजेडी के परंपरागत वोट के अलावे अन्य वोट को एकजुट करने में विफलता मिली। तेजस्वी की रैलियों में हुई अफरातफरी और बल प्रदर्शन ने अन्य पिछड़ी जातियों को साथ आने से रोक दिया। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इसकी भी समीक्षा की जाएगी। आरजेडी ने चुनाव में 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे जबकि 4 सीटों बक्सर, औरंगाबाद, जहानाबाद व पाटलिपुत्र पर ही सफलता मिली। कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों को निकटतम प्रतिद्वंद्वी से कम वोट मिले हैं। इसकी समीक्षा की जाएगी, उन विधानसभा क्षेत्रों में कमी कहां रह गई। आरजेडी विधायकों की भूमिका की भी समीक्षा होगी।

# पटना के नालों को अब चमकाएंगे रोबोट, सैदपुर से होगी शुरूआत

**पटना , एजेंसी।** पटना में अब तक नालों और मैनहोल की सफाई के लिए सक्कर मशीन, जेटिंग मशीन, उच्च दबाव वाली क्लीनर मशीन तथा ड्राई क्लीनिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब रोबोट से इसकी सफाई होगी। सैदपुर नाला का डिजाइन भी इसी प्रकार से किया जा रहा है कि इसकी नियमित सफाई रोबोट की जा सके। नाले का सुरक्षा दीवार, गहराई, ढलान और रैंप भी उसी के मुताबिक बनाया जा रहा है। शहर का यह पहला नाला होगा, जो रोबोट सफाई के मद्देनजर बनाया जा रहा है। सोमवार को नगर विकास एवं आवास विभाग में इस विषय पर वरीय अधिकारियों की बैठक होनी है, जिसमें प्रेंजेटेशन होना है। बुडको के अधिकारियों का कहना है कि सैदपुर नाले में तीन रैंप बनाए जाएंगे,



जिसके जरीये रोबोट नाले के नीचे उतरेगा। नाले की गहराई साढ़े तीन मीटर तक होगी। रोबोट पूरी तक आटोमेटिक संचालित होगा। नाले में काम करते समय रोबोट की मॉनिटरिंग ऊपर से मॉनिटर के माध्यम से की जाएगी। इसमें चार कैमरे लगे रहते हैं जिसके जरीये तकनीकी कर्मचारी देख सकते हैं कि नाले के नीचे क्या है। यदि कहीं ब्लॉकेज रहेगा, तो रोबोट में लगे कटर उसे हटा देंगे। इसके अलावा इसमें चार लेग भी रहेगा जिस पर रोबोट खड़ा होकर नाले की सफाई करेगा। नाला से कचरा निकालने के लिए जगह जगह पर मैनहोल बनाया जाएगा। रोबोट कचरे की सफाई कर मैनहोल के पास रख देगा, जिसे दूसरी मशीन के जरीये बाहर निकाला जाएगा।

मुंबई महानगर पालिका, मेरठ, कानपुर, कोलकाता, इंदौर आदि शहरों में मैनहोल की सफाई रोबोट से की जा रही है। हालांकि मेरठ के नालों की सफाई रोबोट से करने के लिए ट्रायल किया गया है। देश के कई अन्य बड़े शहरों में नई तकनीक से मैनहोल और नालों की सफाई करने की योजना है। बुडको और नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है रोबोट से नालों की सफाई की व्यवस्था निजी एजेंसी को देने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सोमवार को इस विषय पर विभाग में वरीय अधिकारियों की बैठक होनी है। कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन होना है। इसके बाद अगली पहल शुरू होगी। रोबोट का रख रखाव एवं सैदपुर नाले की नियमित सफाई की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को देने की योजना है।

# अस्पताल में करोड़ों का दवा घोटाला में प्रधान लिपिक की भूमिका संदिग्ध

चाणक्य भूमि




अस्पतालों में घोटालों की लंबी कहानी है। सिविल सर्जन से लेकर नीचे के कर्मी तक तक फंसे, फिर भी घोटाला रूकने का नाम नहीं ले रहा। वर्ष 2017 में करोड़ों के दवा घोटले व खरीद में हुई गड़बड़ी को लेकर तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ मीरा वर्मा सहित पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अब उस केस में सदर अस्पताल के एक लिपिक का भी नाम सामने आया है। पुलिस के अनुसंधान में सदर अस्पताल के प्रधान लिपिक की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हुई है। इसके बाद सदर अस्पताल के लिपिक संजय सिन्हा ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अपील किया है।मोतिहारी सदर अस्पताल में करीब चार करोड़ 50 लाख 77 हजार रुपये के दवा घोटाला मामले में अस्पताल के प्रधान लिपिक घिर गए हैं। इतने बड़े घोटाले में संदिग्ध भूमिका के बाद भी उन पर तीन-तीन कामों का जिम्मा दिया गया है। बताया जाता है कि संजय सिन्हा प्रधान लिपिक के साथ-साथ एक पीएचसी के लिपिक के चार्ज में हैं। साथ ही पोस्टमार्टम की भी फाईल डील कर रहे। जानकारी के अनुसार, दवा घोटाले मामले में प्रधान लिपिक संजय सिन्हा की भूमिका संदिग्ध पाई गई है. पुलिस अनुसधान में नाम आने के बाद संजय सिन्हा अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय की शरण में पहुंचे हैं। मोतिहारी नगर थाना केस संख्या 232-2017 में लिपिक संजय सिन्हा ने 6 मई को जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई है। जिसमें 27 मई को सुनवाई हुई थी। अगली सुनवाई 14 जून को है बता दें, मोतिहारी के तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ प्रशांत कुमार ने 5 अप्रैल 2017 को नगर थाना में केस दर्ज कराया था। दवा घोटाला करीब चार करोड़ 50 लाख 77 हजार रुपये का है। प्राथमिकी के अनुसार, बगैर किसी आदेश के आपूर्तिकर्ता कंपनी की ओर से करीब छह करोड़ की दवा आपूर्ति की गयी। जांच के दौरान भंडार में करीब 85 लाख सात हजार की दवा मिली। अनुलग्नक के अनुसार, जब भुगतान किया गया है वह ड्यू वाउचर के आधार पर किया गया है. हस्ताक्षर वाउचर पर है, लेकिन पंजी में उसका उल्लेख नहीं है। मामले को लेकर तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ मीरा वर्मा शाही कॉलोनी हाजीपुर, डॉ यूएस पाठक तत्कालीन भण्डार चिकित्सक, भुनेश्वर श्रीवास्तव तत्कालीन प्रधान लिपिक डामोदरपुर गोविन्दगंज, ब्रह्मपुरा मुजफ्फरपुर निवासी मनोज कुमार व तुरकौलिया, वर्तमान में बेलबनवा निवासी अमित कुमार पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सिविल सर्जन ने इन अधिकारियों व कर्मियों की मिलीभगत से बगैर दवा खरीद उक्त राशि के भुगतान का आरोप लगाया था। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य विभाग डॉ आरडी रंजन ने पूर्व में प्राथमिकी का निर्देश दिया था. प्राथमिकी के बाद विभाग में हड़कंप मच गया था।

# सरकारी नाला को दबंगो ने मिट्टी भरकर किया कब्जा



चाण्क्य भूमि(नानोसती)

- नाला का पानी का निकासी बंद होने से बढ़ी परेशान
- नौतन बीडीओ से हस्तक्षेप की मांग

**नानोसती**। नौतन थाना क्षेत्र के बैकुंठवा पंचायत के वार्ड नं 15 स्थित जयनगर गावं में सरकारी नाला को दबंगो ने मिट्टी से भर दिया है,नतीजतन नाला से पानी का निकासी अवरुद्ध हो गया है।सबसे अधिक परेशानी यहाँ के एक विकलांग परिवार की है तथा यहां अवस्थित मंदिर की है।मंदिर का पानी इसी नाला से होकर मनियारी नदी में गिरता था।

नाला को अवरुद्ध हो जाने से अनेक

परेशानिया उतपन्न हो गई है।दिव्यांग व्यक्ति राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि हिरालाल प्रसाद ने अपने घर के सामने नाले को मिट्टी से भर दिया है।ग्रामीणों में अर्जुन प्रसाद,राजेश्वर प्रसाद,सोनालाल प्रसाद,विश्वजीत कुमार,चंदन कुमार,बीर बहादुर प्रसाद,कन्हैया लाल प्रसाद,मुकेश कुमार तथा वार्ड सदस्य सुरेंद्र महतो नेH बीडीओ नौतन और पीएचडी विभाग को एक संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# बिजली के शार्ट सर्किट से ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)



**मझौलिया**। रविबार को अहवर कुड़िया पंचायत के पासवान चौक स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गयी और बिजली गुल हो गयी।आग की खबर पर ग्रामीण जुटे और विधुत विघाग को कहबे कर बिजली का कनेक्शन कटवाया।आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नही चला ।लेकिन आग लगते ही अफरा तफरी का माहौल हो गया।बताया गया है कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगी।जेई ने पूरे मामले को गंभीरता लेते हुए बिजली बहाल करने में जुट गये है।











# भूमि विवाद में माधोपुर से दो लोगों को जेल

चाण्क्य भूमि (मझौलिया)



- मझौलिया पुलिस की कार्रवाई

**मझौलिया**। पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजा । जानकारी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के माधोपुर वार्ड नम्बर 1 निवासी चंद्रिका शर्मा के पुत्र संतोष शर्मा उर्फ श्याम नारायण शर्मा को जेल भेजा गया। इनके विरुद्ध मुसमात कुसुम देवी द्वारा भू विवाद में मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाया गया था। दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस ने कांड दर्ज किया था। वहीं राजाभार वार्ड नम्बर 3 निवासी मुकुट महतो के पुत्र संजय कुमार को थाना कांड संख्या 374 के तहत गिरफ्तार कर भेजा गया । गिरफ्तारी में प्रशिक्षु एसआई महम्मद लाडले एवं सअनि भूपेश कुमार का नाम उल्लेखनीय है।

# मुखिया पति सह भाजपा नेता जयलाल दास हत्या मामले में गिरफ्तार

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



जैतिया पंचायत के मुखिया पति जयलाल दास को 2022 में उनके ही पंचायत के पिपरा गांव में नाबालिक प्रीति कुमारी की हत्या कर शव गायब करने के मामले मे आरोपित थे। पुलिस ने उनपर घटना में शामिल होने का आरोप लगा था।

इस मामले में पुलिस की तकनीकी जांच से हत्या का खुलासा हुआ और पुलिस ने सिकरहना नदी के पास सरेह में मिट्टी की खुदाई करवा कर प्रीति का शव बरामद किया था। आरोपी जयलाल दास का नाम और मोबाइल नंबर पुलिस की तकनीकी प्रशाखा से निर्गत सीडीआर में आया था। अनुसंधान के क्रम में भी उनकी संलिप्तता की पुष्टि हुई और गिरफ्तारी का आदेश निर्गत किया गया था।

# शराब के साथ धंधेबाज बाईक के साथ गिरफ्तार

चाणक्यभूमि बैरिया

बैरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 16 लीटर विदेशी शराब के साथ शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही। तस्करी के प्रयोग में लाई जा रही एक बाईक को भी जप्त किया है। जानकारी देते हुए बैरिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से दियारा के रास्ते शराब का खेप थाना क्षेत्र के फुलझरिया गांव में आया है। सुचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शराब व बाइक के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज फुलझरिया के सूरज कुमार है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# महिला से मार-पीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

चाणक्यभूमि

**सिकरहना**। शिकारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला पर डायन होने का आरोप लगा कर कुछ लोगों ने मैला पिलाने का प्रयास किया। पीड़िता ने थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि घटना के समय वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच रंजीत पासवान की पत्नी कविता देवी गाली गलौज करते हुए आई तथा कहने लगी कि तुमने हमारी गोतिनी रूबी देवी को जादू टोना कर दिया है। विरोध करने पर कविता देवी, रूबी देवी, रेणु देवी, संगीता देवी, आशा देवी, राम अशीष पासवान, दिनेश पासवान, शतरोहण पासवान, सुनील पासवान व सिरचन पासवान मारपीट करने लगे। बचाव में आये उसके पुत्र को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया है।

# मानव तस्करी मामले मे आशा कार्यकर्ता नेपाल में गिरफ्तार

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र



मोतिहारी से दो दिन की नवजात बच्ची को तस्करी के लिये नेपाल पहुंची आशा कार्यकर्ता को नेपाल में गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दे कि सीमा पर मानव तस्करी रोकथाम के लिए काम करने वाली संस्था माइती नेपाल ने उक्त आशा कार्यकर्ता को शक होने पर पूछताछ के लिए रोका तो उसने स्पष्ट जबाब नहीं दिया।

जिसके बाद संस्था ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी आशा कार्यकर्ता संगीता देवी को हिरासत में ले लिया। वहीं, उसके पास से बरामद की गयी बच्ची को नारायणी उप क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कर दिया गया, जिसके एनआइसीयू में उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस ने उससे यह सवाल किया कि जब तुमको बच्चा मिला ही था, तो तुमने भारतीय प्रशासन या भारतीय संस्था से संपर्क क्यों नहीं किया। इस पर उसने किसी तरह का जबाब नहीं दिया। उसे पुलिस हिरासत में रखा गया है।

आपको बता दे कि हिरासत में ली गई आशा कार्यकर्ता रक्सौल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत है। यह जोकियारी पंचायत की आशा कार्यकर्ता है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमीत कुमार जायसवाल ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी हुई है। नेपाल से स्पष्ट जानकारी मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत पुलिस जाँच में जुटी

चाणक्य भूमि



**शनिवार को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली और अधिकाँश मामलों की तरह मृत्तिका के मायके वालों ने जहां दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है वही मृत्तिका के पति ने बताया कि मामूली झगड़ा होने पर उसकी पत्नी ने ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली हालाँकि उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया परन्तु तब तक वो मर चुकी थी**

आपको बता दें कि घटना शनिवार की है जब नरकटियागंज के शिकारपुर गांव निवासी भागीरथ भगत के पुत्र परमानंद भगत की पत्नी कंचन देवी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। हालांकि परिवारवालों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया परंतु पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी।

हालाँकि सूचना पर पहुँचे परिजनों ने इसे दहेज हत्या बताया है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही मेरी बेटी के सास-ससुर और पति अंगूठी और सिकुड़ी के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। नहीं मिलने पर मारपीट करते थे। इधर शनिवार रात तीनों मिलकर मेरी बेटी का गला दबाकर हत्या कर दिए है।

परिजनों के आवेदन के आधार पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। और शव को पोस्टमार्टम के लिये बेतिया भेज दिया है।
















# अनोखी पहल, कानू समाज के लोगों ने समाज के उत्थान व जागरुक करने के लिए किया अदभुत व अनोखी पहल

चाणक्यभूमि



- बगहा के आरती होटल में आयोजित कानू हलुवाई मिलन समारोह में पहुंचे समाज के कई दिग्गज, फुल माला से किया गया सम्मानित

**बगहा**। कानू हलुवाई समाज के लोगों ने समाज के उत्थान, विकसित व खुशहाल बनाने के साथ ही संगठन को सशक्त बनाने के लिए अदभुत व अनोखी पहल कर जागरुक करने की शुरुआत की है। रविवार को बगहा नगर परिषद क्षेत्र स्थित बगहा दो के आरती होटल में आयोजित मिलन समारोह में कानू हलुवाई समाज के प चम्पारण जिला के साथ ही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से समाज के कई दिग्गज लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में आगंतुक अतिथियों ने सबसे पहले समाज के लोगों से परिचय की। तथा एक दुसरे से मुखातिब होते हुए मिलन समारोह शुरु की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कानू हलुवाई समाज के समाजसेवी पशुपति नाथ गुप्ता ने समाज के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही उनकी उन्नति, प्रगति एवं समुचित विकास के लिए समाज के लोगों को आगे आने का आह्वान किया। कहा कि जब तक हम सजग नहीं होगें, तब कानू हलुवाई समाज के लोग सबल नहीं होगें। उन्होंने समाज के गरीब लोगों के बेटियों की शादी संगठन के द्वारा कराने की बात कही। समाजसेवी औचित्य लल्ला, रवि किरण प्रसाद, राकेश कुमार, मोनू कुमार ने भी संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में पहल की। कहा कि जब तक संगठन सशक्त नहीं होगा, तब तक कानू हलुवाई समाज के लोगों की समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज के लोग जागरुक होकर अपने हक, अधिकार के लिए संगठन को धारदार बनाना होगा। यूपी से आये कानू हलुवाई समाज के शत्रुघ्न प्रसाद मदेशिया, रमेश चन्द्र गुप्ता व आनंद कुमार गुप्ता ने जातिय संगठन की मजबुती पर प्रकाश डाला। कहा कि जातिय उत्थान, समाजिक व आर्थिक स्थिति के साथ ही शिक्षा जरुरी है। संभव तभी है, जब हम एकजुट होकर आर्थिक व समाजिक रुप से मजबूत बनेंगे। कानू हलुवाई समाज शुरु से ही पिछड़ा है, समाजिक उत्थान के साथ ही आर्थिक उत्थान होगी, तभी समाज विकसित, प्रगतिशील व खुशहाल बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी जयप्रकाश प्रसाद ने की। संचालन समाजसेवी औचित्य कुमार लल्ला ने किया। कार्यक्रम को राकेश कुमार रिंकू, राजन कुमार, मोनू कुमार, विनोद प्रसाद, दयाशंकर प्रसाद, संजय प्रसाद, अंजु कुमारी, उमेश प्रसाद समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने किया।
















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714